प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## विधानसभा

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन आज गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस है जिसमें विधायकों द्वारा सदन में चर्चा के लिए संकल्प प्रस्तुत किए जाएंगे। 11 बजे प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद शून्यकाल में विधायक अपने–अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाएंगे।

## विधेयक

प्रदेश सरकार ने राज्य में ड्रग माफिया पर नकेल कसने और नशे पर अंकुश लगाने के मकसद से विधानसभा में हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध निवारण व नियंत्रण विधेयक पेश किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सदन में पेश किए गए इस विधेयक में नशे के सौदागरों को न केवल आजीवन कारावास बल्कि उन्हें मृत्यु दंड का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 10 लाख के जुर्माने का प्रावधान भी इस कानून में किया गया है।

## भाजपा प्रदर्शन

भारतीय जनता पार्टी राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आज शिमला के चौड़ा मैदान में प्रदर्शन करेगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता.....

## समझौता ज्ञापन

राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक व सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हुए इस समझौते के तहत यूनेस्को हिमाचल को शिक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में सहायता प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल लर्निंग का विस्तार करते हुए सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदला जा रहा है।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि चिट्टे को लेकर हुई चर्चा के दौरान पक्ष–विपक्ष के सदस्यों की तरफ से रखे गए पक्ष को सोशल मीडिया में तोड़ मरोड़ कर पेश किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सदन के किसी भी सदस्य की मंशा न्यायपालिका को ठेस पहुंचाना नहीं है। अग्निहोत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने कहा कि चिट्टा बॉर्डर एरिया में नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का विषय है। अग्निहोत्री ने कहा कि इसमें संलिप्त तीन हजार लोग जेल में हैं।

युवा पार्लियामेंट

भारत सरकार युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत–2025 पर राज्य स्तरीय युवा पार्लियामेंट का आयोजन 28 व 29 मार्च को राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर में किया जाएगा। इसमें प्रदेश भर के 12 जिलों में हुए कुल 9 जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम के 90 विजेता युवा भाग लेंगे। चयनित तीन विजेता संसद भवन दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा पार्लियामेंट कार्यक्रम में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते मौसम विभाग ने किन्नौर और लाहौल–स्पीति जिलों के कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी का यैलो अलर्ट जारी किया है। इसके प्रभाव से इन जिलों में आज बर्फबारी हो सकती है। इसके अतिरिक्त चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में तेज तूफान और आसमानी बिजली गिरने का यैलो अलर्ट भी विभाग ने जारी किया है। इस बीच चंबा जिले में बीती रात वर्षा हुई। हमारे चंबा जिला संवाददाता ने बताया कि ....

मौसम विभाग ने कल से मौसम के साफ रहने का अनुमान लगाया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

प्रदेश में नशे पर नकेल कसने को लेकर विधानसभा में पेश किए गए विधेयक संबंधी खबर को आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी का शीर्षक है नशे पर नकेल कसेगी सरकार, मृत्युदंड से लेकर आजीवन कारावास का भी प्रावधान। दैनिक भास्कर लिखता है प्रदेश में नशा बेचने वालों को दस लाख रूपए जुर्माने से लेकर मौत तक की सजा का प्रावधान। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है संगठित अपराध रोकने को आया बिल।

सदन में प्रदेश का वार्षिक बजट पारित होने संबंधी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल का बजट 3 हजार 8 सौ 73 करोड़ बढ़ा। हिमाचल दस्तक के अनुसार वित्त वर्ष 2025–26 के लिए सदन में ध्वनिमत से पारित हुआ सुक्खू सरकार का तीसरा बजट।